
# मोदी की नीतियों से देश सुरक्षित

- आर्थिक सुधार से मजबूत हुई अर्थव्यवस्था : शाह
- 2025-26 में 7.7 प्रतिशत जीडीपी ग्रोथ पर गौरवांवित



**नई दिल्ली, 06 जून. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 7.7 प्रतिशत रहने पर संतोष व्यक्त किया.**

सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म पर पोस्ट करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लागू की गई दूरदर्शी आर्थिक नीतियों ने भारत को वैश्विक आर्थिक संकटों के बावजूद मजबूती प्रदान की है. अमित शाह ने कहा कि चाहे महामारी हो या युद्ध जैसी वैश्विक चुनौतियाँ, मोदी जी की नीतियाँ देश को हर संकट से सुरक्षित पार ले रही हैं. उन्होंने यह भी कहा कि 7.7 प्रतिशत की ग्रोथ दर और सभी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं को पीछे छोड़ते हुए भारत की उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि पिछले 12 वर्षों में देश की अर्थव्यवस्था ने कितनी मजबूती हासिल की है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस उपलब्धि पर खुशी जताई.

**नवाचार को प्रोत्साहित करने पर जताई प्रसन्नता**

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में 7.8 प्रतिशत की अर्थव्यवस्था की मजबूती, सुधारों की सफलता और 140 करोड़ भारतीयों की मेहनत को दर्शाती है. पीएम मोदी ने यह भी भरोसा दिलाया कि सरकार 'ईज़ ऑफ़ लिविंग' और 'ईज ऑफ़ डूइंग बिज़नेस' को और बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास करेगी. प्रधानमंत्री ने युवाओं के लिए नए अवसर बढ़ाने पर भी जोर दिया और कहा कि देश में सभी क्षेत्रों में रोजगार और नवाचार को प्रोत्साहित किया जाएगा. इस तरह भारत की आर्थिक गति विश्व स्तर पर लगातार मजबूत बनी हुई है.

## बम्बई उच्च न्यायालय के छह अति. न्यायाधीश हुए स्थायी

**नई दिल्ली.** सरकार ने बम्बई उच्च न्यायालय के छह अतिरिक्त न्यायाधीशों को उसी न्यायालय का स्थायी न्यायाधीश नियुक्त किया है. विधि एवं न्याय मंत्रालय की शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति में दी गयी. राष्ट्रपति ने संविधान द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इन अतिरिक्त न्यायाधीशों को इसी न्यायालय में स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया है. इन न्यायाधीशों में सुश्री निवेदिता प्रकाश मेहता, प्रफुल्ल सुरेंद्र कुमार खुबलकर, अश्विन दामोदर भोबे, श्री रोहित वासुदेव जोशी, अद्वैत महेंद्र सेथना और प्रवीण शेषराव पाटिल शामिल हैं.

# किसी भी प्रकार की अराजकता बर्दाश्त नहीं

### वर्तमान सरकार कानून व्यवस्था के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है : सीएम योगी

**गोण्डा, 6 जून. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में अहम भूमिका निभाने वाले गोंडा जिले को लंबे समय तक परिवारवाद, भाई-भतीजावाद और तुष्टीकरण की राजनीति के कारण उसका उचित सम्मान नहीं मिल सका.**

योगी ने जिले में कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र की कर्नलगंज और कटरा विधानसभा क्षेत्रों के लिए लगभग 516 करोड़ रुपये की 262 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बलरामपुर स्थित मां पाटेश्वरी देवीपाटन मंदिर में रात्रि विश्राम के बाद गोण्डा जिले के चकरौत गांव पहुंचे, जहां उन्होंने एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि गोण्डा एक ऊर्जावान जनपद है, जहां के किसान, बेटियां और महिलाएं आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी हैं.

> उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरियों और निवेश आधारित रोजगार के अवसरों में जिले के युवाओं की भागीदारी बढ़ी है। उन्होंने दावा किया कि सरकार बिना किसी जाति, धर्म, क्षेत्र या पंथ के भेदभाव के पात्र लोगों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है और विकास योजनाओं का लाभ घर-घर तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है.

## आज का इतिहास

1539- चौसा की लड़ाई में अफगान शेरशाह सूरी ने मुगल बादशाह हुमायूं को पराजित किया.
1631 - मुगल बादशाह शाहजहां की बीबी मुमताज बेगम का 39 वर्ष में निधन.
1914 - प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक, पटकथा लेखक और उर्दू लेखक ख्वाजा अहमद अब्बास का जन्म.
1974 - भारत के टेनिस खिलाड़ी महेश भूपति का जन्म.
1989- भारत के दूसरे उपग्रह भास्कर प्रथम का सोवियत रॉकेट से प्रक्षेपण.
1995 - नार्मन थैगार्ड अंतरिक्ष की कक्षा में सबसे अधिक समय तक रहने वाले अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री बने.

# विकास और जनता के कल्याण के मुद्दों पर सहयोग करें : डीके

- कर्नाटक सीएम ने पीएम मोदी को धन्यवाद दिया

**बेंगलुरु, 06 जून. कर्नाटक के नए मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार के साथ अच्छे संबंध बनाए रखने का संकेत दिया. जब उनसे पीएम मोदी के तंज के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य के बीच सुलह होनी चाहिए, राजनीति नहीं.**

शिवकुमार ने सोशल मीडिया पर पीएम मोदी का धन्यवाद किया और कहा कि मैं उनसे मिलने जाऊँगा. हमें राजनीति नहीं करनी चाहिए, आइए विकास और जनता के कल्याण के मुद्दों पर सहयोग करें. उन्होंने साफ किया कि केंद्र और राज्य मिलकर जनता की भलाई के लिए काम करेंगे. प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में कर्नाटक में मुख्यमंत्री पद परिवर्तन पर कांग्रेस पर तीखा तंज कसा था. उन्होंने कहा कि खुद से पैदा हुई अराजकता में अवसर तलाशने वाली बिखरती कांग्रेस की राजनीति काम नहीं करेगी. कर्नाटक में जनता के गहरे आक्रोश के कारण कांग्रेस को मुख्यमंत्री बदलना पड़ा. इसके बावजूद पीएम मोदी ने डीके शिवकुमार को शपथ ग्रहण के अवसर पर बधाई दी और सहयोग का भरोसा भी दिया. तीन साल के राजनीतिक संघर्ष के बाद मुख्यमंत्री पद मिलने के बावजूद डीके शिवकुमार को कुछ आंतरिक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है.

# स्वास्थ्य को राजनीति तक सीमित न करें : नड्डा

- खरगे की टिप्पणी पर नड्डा का पलटवार
- नड्डा ने एनएफएचएस डेटा का हवाला दिया

**नई दिल्ली 06 जून. केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि सार्वजनिक स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विषय को राजनीतिक बयानबाजी तक सीमित नहीं किया जाना चाहिए.**

श्री नड्डा ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि तथ्यों की अनदेखी कर चुनिंदा आंकड़ों का इस्तेमाल राजनीति के लिए किया जा सकता है लेकिन राष्ट्रहित तथ्यों पर आधारित होता है.उन्होंने कहा है कि सार्वजनिक स्वास्थ्य के मुद्दे पर 'अधूरी जानकारी' खतरनाक साबित हो सकती है.देश के स्वास्थ्य क्षेत्र में हुए बदलावों को राजनीतिक बयानबाजी के बजाय तथ्यों के आधार पर देखा जाना चाहिए.उन्होंने दावा किया कि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के आंकड़े भारत की स्वास्थ्य व्यवस्था में हुए उल्लेखनीय सुधार को दर्शाते हैं.उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-3 (2005-06) की तुलना में मातृ स्वास्थ्य सेवाओं में महत्वपूर्ण प्रगति दर्ज की गई है.केंद्रीय मंत्री के अनुसार, गर्भावस्था की पहली तिमाही में प्रसवपूर्व पंजीकरण का प्रतिशत 43.9 प्रतिशत से बढ़कर 76.2 प्रतिशत हो गया है.



> उन्होंने कहा कि ये केवल आंकड़े नहीं हैं, बल्कि करोड़ों महिलाओं को समय पर स्वास्थ्य सेवाएं मिलने, सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित होने और बेहतर स्वास्थ्य परिणामों का प्रमाण हैं .उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत की स्वास्थ्य यात्रा की वास्तविक कहानी निराशा नहीं, बल्कि निरंतर प्रगति और सुधार की कहानी है .उल्लेखनीय है कि श्री खरगे ने केंद्र की भाजपा सरकार पर स्वास्थ्य और पोषण के मुद्दों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि सरकार न केवल महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य के साथ विश्वासघात कर रही है, .

# लालू परिवार ने लौटाई सुरक्षा

- राबड़ी देवी की तबीयत खराब, मिलने पहुंचे तेजप्रताप
- आरजेडी सुप्रीमो राबड़ी देवी के स्वास्थ्य पर चिंता



**पटना, 06 जून. आरजेडी सुप्रीमो और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी की तबीयत शनिवार को गंभीर बताई जा रही है.**

उनके बड़े बेटे और जनशक्ति जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेज प्रताप यादव दोपहर को राबड़ी आवास पहुंचे और काफी देर तक भीतर रहे. बाहर आने के बाद उन्होंने मीडिया को बताया कि उनकी मां बीमार हैं और उन्हें देखने आए हैं।साथ ही, हाल ही में सरकार ने लालू परिवार की सुरक्षा घटा दी थी. लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी की जेड प्लस सुरक्षा को खत्म कर उन्हें बिहार पुलिस की विशेष सुरक्षा दी गई थी. तेज प्रताप यादव की सुरक्षा भी कम कर उन्हें केवल एक बॉडीगार्ड प्रदान किया गया. हालांकि, तेज प्रताप ने कहा कि सुरक्षा वापसी का मामला उनकी मां से जुड़ा नहीं है और राबड़ी देवी ने कोई सुरक्षा कम नहीं की है।आरजेडी प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने बताया कि लालू परिवार ने सरकारी सुरक्षा वापस कर दी है, और अब आरजेडी के नेता और कार्यकर्ता ही उनकी सुरक्षा का जिम्मा संभालेंगे. इसके बाद राबड़ी आवास के बाहर पार्टी कार्यकर्ता भी जमा हो गए। वहीं, बिहार सरकार ने राबड़ी देवी को 10 सर्कुलर रोड आवास खाली करने का नोटिस भी दिया है.

## एक नजर में

### योग्य मतदाता को मतदाता सूची से नहीं रखें बाहर



**धर्मशाला, 06 जून.** मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार (जो 5 से 8 जून तक हिमाचल प्रदेश में कांगड़ा और चंबा जिलों के चार दिवसीय दौरे पर हैं) ने धर्मशाला में चुनाव संबंधी गतिविधियों की समीक्षा की और चुनाव अधिकारियों, बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ), बीएलओ पर्यवेक्षकों और अन्य कर्मियों से बातचीत की. धर्मकोट के एक होटल में एक बैठक को संबोधित करते हुए सीईसी ने बीएलओ और बीएलओ पर्यवेक्षकों को चुनावी प्रणाली की रीढ़ बताया और सटीक, विश्वसनीय और समावेशी मतदाता सूची बनाए रखने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया. विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के महत्व पर जोर देते हुए श्री कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अभियान के दौरान प्रत्येक पात्र नागरिक तक पहुंच सुनिश्चित की जाए और उन लोगों की पहचान करने और उन्हें मतदाता सूची में शामिल करने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं जिनके नाम अभी तक मतदाता सूची में शामिल नहीं किए गए हैं.

### चंद्रसेल मठ के महंत की हत्या



**कोटा.** राजस्थान में कोटा शहर के बोरखेड़ा थाना क्षेत्र में चंद्रेसल मठ में शुक्रवार देर रात अज्ञात लोगों ने मठ के महंत देवानंद महाराज धारदार हथियारों से हत्या कर दी. पुलिस अधीक्षक (सिटी) तेजस्वी गौतम ने शनिवार को बताया कि हमले के बाद महंत लहुलुहान हो गये. आसपास के ग्रामीणों ने उन्हें एमबीएस अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना स्थल की जांच की. पुलिस ने मामला दर्ज करके तफ्तीश शुरू कर दी है. गौरतलब है कि इससे पहले भी चंद्रेसल मठ के एक महंत की हत्या हो चुकी है.

### राज्य वित्त आयोगों के लिए नया डेटा फ्रेमवर्क तैयार

**नई दिल्ली.** केन्द्रीय पंचायती राज मंत्रालय आठ जून को नयी दिल्ली में आयोजित एक समारोह में राज्य वित्त आयोगों की डेटासेट पर गठित समिति की रिपोर्ट सोमवार को जारी करेगा .आधिकारिक जानकारी के अनुसार केन्द्र सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ. वी. अनंत नागेश्वरन, पंचायती राज मंत्रालय के सचिव विवेक भारद्वाज और राष्ट्रीय लोक वित्त एवं नीति संस्थान (एनआईपीएफपी) के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मनीष गुप्ता के साथ-साथ वरिष्ठ अधिकारियों और अनुसंधान संस्थानों एवं नीति निकायों के विशेष प्रतिनिधियों की उपस्थिति में यह रिपोर्ट जारी करेंगे .रिपोर्ट जारी होने के बाद, मुख्य आर्थिक सलाहकार डेटा-आधारित नीति निर्माण और प्रमाण-आधारित राजकोषीय शासन को सशक्त स्थानीय स्वशासन और समावेशी विकास के लिए आवश्यक आधार बताते हुए मुख्य वक्तव्य देंगे .इस रिपोर्ट का प्रकाशन देश में राजकोषीय विकेंद्रीकरण के लिए प्रमाण आधार को मजबूत करने की दिशा में सरकार की निरंतर प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण प्रयास है.

# बंगाल में टीएमसी नेता के ठिकानों पर छापा

- संदेशखाली में तालाब से हथियारों का जखीरा बरामद

**कोलकाता, 06 जून. पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में शनिवार सुबह पश्चिम बंगाल पुलिस की एसटीएफ ने टीएमसी के एक नेता के तालाब में छिपाकर रखे गए हथियारों और कारतूसों का एक बड़ा जखीरा बरामद किया.**

एसटीएफ के जांचकर्ताओं ने शनिवार सुबह उस इलाके में छापेमारी और तलाशी अभियान चलाया. तलाशी के दौरान अधिकारियों को तालाब से हथियारों का एक जखीरा मिला. हालांकि, तालाब के मालिक, टीएमसी नेता और पार्टी के पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष रॉबिन दास और उनके भाई गोपाल दास इलाके से फरार हो गए हैं.जांचकर्ता संदेशखाली में दास बंधुओं के घर पहुंचे. बताया जाता है कि ये दोनों गिरफ्तार टीएमसी नेता शेख शाहजहां के काफी करीबी हैं. छापेमारी के दौरान उनके घर और आसपास के इलाके की भी तलाशी ली गई. वहीं, पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि बंगाल पुलिस अच्छा काम कर रही है इसी तरह अपराधियों पर शिकंजा कसा जाना चाहिए. बताया जा रहा है कि उस समय भारी मात्रा में हथियार बरामद किए गए. माना जा रहा है कि इलाके में अशांति फैलाने के मकसद से ये हथियार जमा किए गए थे. खबर फैलते ही इलाके में हड़कंप मच गया.



> हथियार बरामद होने के बाद पूरे इलाके में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान अभी भी जारी है. इन दोनों भाइयों पर लंबे समय से स्थानीय निवासियों के साथ अत्याचार करने के आरोप लगते रहे हैं. आरोपी टीएमसी नेता और उनके भाई की तलाश कर रही है. इसके बाद टीएमसी पर अपना हमला तेज कर दिया है.

## जमीन विवाद में एनआरआई की भाई ने की हत्या

**अमृतसर.** अमृतसर में ऑस्ट्रेलियाई एनआरआई सुनील शर्मा की हत्या का रहस्य सुलझ गया.पुलिस ने खुलासा किया कि हत्या उनके ही भाई सतीश शर्मा ने संपत्ति हड़पने के लिए की.सुनील को 5-6 करोड़ रुपये की संपत्ति का झांसा देकर अमृतसर बुलाया गया और नींद की गोलियों से बेहोश करके सिर पर वार कर उसकी हत्या कर दी गई.आरोपियों ने बाद में खून से सना बिस्तर और अन्य सबूत छुपाने की कोशिश की.पुलिस ने सतीश शर्मा, उनके बेटे सनी शर्मा और प्रॉपर्टी डीलर लखविंदर सिंह को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दो अन्य आरोपी अभी फरार हैं. पुलिस ने एनआरआई सुनील शर्मा के लापता होने और हत्या का मामला सुलझाया.

# कांग्रेस का दलित-अल्पसंख्यक अधिकारों के लिए होगा प्रदर्शन

**नई दिल्ली, 6 जून. कांग्रेस ने अनुसूचित जाति, आदिवासियों, पिछड़े वर्गों तथा अल्पसंख्यकों के अधिकारों की लड़ाई व्यापक स्तर पर लड़ने का फैसला करते हुए कहा है कि इसके तहत 20 जुलाई को यहां जंतर-मंतर पर विशाल प्रदर्शन किया जाएगा.**

कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष राजेंद्र पाल गौतम और अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी ने शनिवार को दोनों विभागों के कार्यकर्ताओं की यहां दिनभर चली बैठक के बाद संयुक्त सम्मेलन में कहा कि देश में दलितों, अल्पसंख्यकों और अतिपिछड़े वर्गों के साथ लगातार भेदभाव किया जा रहा है और उनके उत्पीड़न की घटनाएं तेजी से सामने आ रही हैं जिन्हें देखते हुए दोनों विभाग मिलकर देशव्यापी अभियान चलाएंगे. उन्होंने आरोप लगाया कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति समुदायों के विकास के लिए केंद्र और राज्यों में विभिन्न वित्त एवं विकास निगम बनाए गए हैं, लेकिन उन्हें पर्याप्त बजट नहीं मिलता, ऋण योजनाओं की शर्तें बहुत कठिन हैं जिसके कारण जरूरतमंद गरीब और मजदूर वर्ग उनका लाभ नहीं उठा पाते हैं. उनका कहना था कि इस अभियान को केवल राष्ट्रीय स्तर तक सीमित नहीं रखा जाएगा. बल्कि राज्य, जिला और ब्लॉक स्तर पर भी अधिवेशन आयोजित किए जाएंगे.

# सीबीएसई में अनियमिताएं प्रधान की अक्षमता का प्रमाण : कांग्रेस

**नई दिल्ली, 06 जून. कांग्रेस ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पर निशाना साधते हुए कहा है कि सीबीएसई की परीक्षा, ऑन-स्क्रीन मार्किंग ( ओएसएम ) प्रणाली और पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया में हुई अनियमितताओं से साबित हो गया है कि श्री प्रधान सक्षम नहीं है और उनकी अक्षमता सबके सामने अब उजागर हो गयी है.**

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि शिक्षा मंत्रालय से जुड़े मामलों की परतें लगातार खुल रही हैं. सीबीएसई के पुनर्मूल्यांकन पोर्टल के लिए चयनित कंपनी सीओईएमपीटी ने साइबर सुरक्षा संबंधी जिन प्रमाणपत्रों को निविदा प्रक्रिया में प्रस्तुत किया था, उनमें गंभीर खामियां थीं. उनका कहना था कि एक प्रमाणपत्र किसी अन्य ग्राहक से संबंधित था और उसकी वैधता समाप्त हो चुकी थी, जबकि दूसरा केवल अस्थायी एप्लिकेशन के ऑडिट पर आधारित था. कांग्रेस ने कहा कि इन तथ्यों के बावजूद सीबीएसई ने कंपनी को ऊंची दरों पर ठेका प्रदान किया. फरवरी 2025 में कुछ एथिकल हैकर्स ने पोर्टल की साइबर सुरक्षा में गंभीर कमियों की ओर ध्यान दिलाया था.

# कॉकरोच मूवमेंट बना राष्ट्रीय बहस का मुद्दा

- युवाओं के गुस्से पर केजरीवाल ने उठाया सरकार पर सवाल

**नई दिल्ली, 06 जून. कॉकरोच मूवमेंट को लेकर देश की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने इस मुद्दे पर केंद्र सरकार को सीधे निशाने पर लेते हुए कहा कि यह आंदोलन युवाओं के भीतर जमा हो रहे गुस्से और हताशा का विस्फोट है।**

उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा कि देश के युवाओं को 'एंटी-नेशनल' बताना न केवल गलत है बल्कि यह उनकी समस्याओं से ध्यान भटकाने की कोशिश भी है.



केजरीवाल ने जोर देकर कहा कि युवाओं की सबसे बड़ी समस्या आज बेरोजगारी, शिक्षा व्यवस्था की गिरती गुणवत्ता और अवसरों की कमी है. उन्होंने केंद्र सरकार से अपील की कि वह इन मुद्दों को गंभीरता से ले और ठोस कदम उठाए. आप ने स्पष्ट किया कि वह युवाओं की मांगों के साथ खड़ी है और उनके अधिकारों के लिए आवाज उठाती रहेगी. इस पूरे विवाद में सबसे बड़ा मुद्दा शिक्षा मंत्री की भूमिका को लेकर उठ रहा है.

> केजरीवाल ने सीधे तौर पर प्रधानमंत्री से मांग की कि वे शिक्षा मंत्री को तुरंत बर्खास्त करें, क्योंकि वर्तमान हालात में उनकी जिम्मेदारी बनती है. उन्होंने कहा कि जब तक जवाबदेही तय नहीं होगी, तब तक व्यवस्था में सुधार संभव नहीं है.

## ईरान के साथ समझौता अभी तक नहीं हुआ : ट्रंप

**वॉशिंगटन.** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान के साथ जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए अभी तक कोई अंतिम समझौता नहीं हुआ है, क्योंकि ईरानी नेतृत्व 'मजबूत' और 'स्वाभिमानी' है, लेकिन अंततः उसके पास समझौते के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा. श्री ट्रंप ने एनबीसी न्यूज को दिये एक साक्षात्कार में कहा कि वे मजबूत हैं, वे गर्व से भरे हुए हैं. कुछ ऐसी चीजें हैं जिन्हें करने के बारे में उन्होंने कभी नहीं सोचा था, उनके पास कोई विकल्प नहीं है, हालांकि इसमें थोड़ा समय लगेगा. श्री ट्रंप की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है, युद्ध समाप्त करने के लिए चल रही वार्ता चौथे महीने में प्रवेश कर चुकी है.

**अभिलाषा** इंडोनेशियाई विस अध्यक्ष ने पतंजलि आने की जताई इच्छा

# बाली में योग-सनातन का वैश्विक विस्तार

- आचार्य बालकृष्ण को मिला राजकीय सम्मान
- शैक्षणिक और योग अनुसंधान पर सहमति

**हरिद्वार, 05 जून: सनातन संस्कृति, योग और आधुनिक शिक्षा के वैश्विक विस्तार में एक नया स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया है.**

पतंजलि योगपीठ और इंडोनेशिया के एकमात्र हिंदू विश्वविद्यालय, यूनिवर्सिटी हिंदू नेगरी के बीच इंडोनेशिया में एक ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं. यह साझेदारी न केवल दोनों देशों के बीच शैक्षणिक और अनुसंधान के सेतु का निर्माण करेगी, बल्कि बाली की धरती पर सनातन और योग के वैभव को पुनर्जीवित करने में मील का पत्थर साबित होगी। पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलपति श्रद्धेय आचार्य बालकृष्ण की अगुवाई में हुआ यह समझौता वैश्विक स्तर पर संस्कृति आधारित विकास का एक अनूठा मॉडल पेश करता है।



इस समझौते के तहत दोनों विश्वविद्यालयों के छात्रों के लिए 'स्ट्रेट सेशन' के साथ-साथ अनुसंधान और योग प्रतिस्पर्धाओं के आयोजन पर सहमति बनी है. आपको बता दें कि इंडोनेशिया का यह विशिष्ट विश्वविद्यालय 35 अलग-अलग संकायों का संचालन करता है.

> प्रोफेसर डॉ. गुस्ती न्गुराह सुदियाना और प्रोफेसर माडे पूर्नामा की अगुवाई में प्रबंध समिति ने श्रद्धेय आचार्य बालकृष्ण और पतंजलि की टीम का भावपूर्ण स्वागत किया. आचार्य ने इस आत्मीयता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि पतंजलि बहुत जल्द इंडोनेशिया में शिक्षा, योग और सनातन संस्कृति को पुनर्स्थापित करने के लिए बड़े स्तर पर कार्य शुरू करेगा.

## जीएसटी अफसर की ससुराल से हीरा-सोना ले गए चोर

**वाराणसी.** वाराणसी के शिवपुर क्षेत्र में जीएसटी अधिकारी शैलेंद्र सिंह के ससुर कुमार विनोद के घर चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। चोरों ने लगभग तीन घंटे तक एसी चलाकर घर को खंगाला और ढाई करोड़ रुपये मूल्य के सोने, हीरे और अन्य बहुमूल्य आभूषण चोरी कर लिए। चोरी की यह घटना तब हुई जब परिवार बिहार में अपने चाचा की तेरहवीं में गया था। चोरों ने सुरक्षा व्यवस्था का पूरा ध्यान रखते हुए घर में लगे सीसी कैमरों का डीवीआर भी ले गए। चोरी का शिकार हुए गहनों में परिवार के पुश्तैनी गहने, धार्मिक महत्व वाले आभूषण, नकदी और सोने-चांदी के सिक्के शामिल हैं। पुलिस ने घटना की गंभीरता को देखते हुए कई टीमों का गठन किया है.

# फेक न्यूज के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई : खरगे

**बेंगलुरु, 06 जून. कर्नाटक के गृह मंत्री प्रियांक खरगे ने शनिवार को सोशल मीडिया पर नफरत और भड़काऊ कंटेंट ( सामग्री ) फैलाने के खिलाफ कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि कानून तोड़ने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और चाहे कोई कितना भी प्रभावशाली या ऊंचे ओहदे वाला क्यों न हो, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी.**

बेंगलुरु पुलिस मुख्यालय में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए श्री खरगे ने कहा कि कानून सभी के लिए बराबर है। जो कोई भी सोशल मीडिया के जरिए नफरत, अशांति या तनाव फैलाने की कोशिश करेगा, उसे कानूनी नतीजों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी ) विभाग और पुलिस विभाग मिलकर ऑनलाइन फैल रही फेक न्यूज और भड़काऊ कंटेंट की जांच कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी सार्वजनिक शांति और सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने वाली गतिविधियों पर कड़ी नज़र रख रहे हैं। उनकी यह चेतावनी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के गलत इस्तेमाल से गलत जानकारी और भड़काऊ बातें फैलाने को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच आई है।



> श्री खरगे ने कहा कि समीक्षा बैठक में बेंगलुरु में कानून-व्यवस्था की स्थिति, ड्रग्स की समस्या, महिलाओं की सुरक्षा और यातायात प्रबंधन पर भी चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारियों को ड्रग्स के नेटवर्क को खत्म करने, महिलाओं की सुरक्षा के उपाय मजबूत करने और शहर में बढ़ते ट्रैफिक जाम की समस्या को हल करने के लिए कोशिशें तेज करने का निर्देश दिया गया है। बैठक में वीवीआईपी आवागमन के दौरान जनता को होने वाली परेशानी पर भी चर्चा हुई.